


## राखी सांवत ने मुड़ मुड़ न देख पर दिखाई अदाएं

राखी सांवत का एक डांस वीडियो खूब सूर्खियों में हैं। इस वीडियो में राखी सावंत शॉर्ट ड्रेस में जैकलीन फर्नांडिस के गाने मुड़ मुड़ के न देखश पर हॉट मूव्स दिखा रही हैं। राखी सावंत ने जैकलीन फर्नांडिस के इस लेटेस्ट गाने पर अपना यह डांस वीडियो इंस्टाग्राम पर शेयर किया है। राखी सावंत ने अपने इस वीडियो में नेहा कक्कड़ और टोनी कक्कड़ के लेटेस्ट सॉन्ग श्मुड़ मुड़ के न देखश पर डांस की जगह अपनी अदाएं दिखा रही हैं। इस वीडियो को शेयर करते हुए राखी सावंत ने कैप्शन में लिखा है, नाचो। राखी सावंत के इस वीडियो पर फैन्स भी खूब कॉमेंट कर रहे हैं। एक ने लिखा है– यह वीडियो राखी सावंत को मिलना चाहिए था। राखी सावंत अक्सर सोशल मीडिया पर कुछ न कुछ ऐसा कर ही जाती हैं, जिसे लेकर वह चर्चा में छाई रहती हैं। हाल ही में राखी सावंत कुछ खाने–पीने का सामान लेकर मजदूरी करने वाली महिलाओं और बच्चों के पास गई थीं और उन्हें अपने हाथों से खाना खिलाया था। इस वीडियो पर जहां काफी यूजर्स ने उनके इस काम की तारीफ की वहीं कई ऐसे भी थे जिन्होंने वीडियो पोस्ट करने के लिए इसे उनका अजेंडा और शो ऑफ कहा। हाल के दिनों में पति रितेश को लेकर भी खूब चर्चा में रहीं राखी सावंत।

## मनोज मुंतशिर की शुद्ध हिंदी ने उड़ाए कपिल शर्मा के होश

इंडियाज गॉट टैलेंट 9 में शिल्पा शेट्टी और मनोज मुंतशिर अकसर ही खूब मस्ती करते नजर आते हैं। शिल्पा सेट से अकसर ही फनी वीडियो शेयर करती रहती हैं, जिनमें मनोज मुंतशिर उनसे खाने की चीजों को लेकर कुछ न कुछ पूछते नजर आते हैं। शिल्पा शेट्टी, मनोज मुंतशिर ही नहीं बल्कि किरण खेर और बादशाह के साथ भी फनी वीडियो शेयर करती रहती हैं। लेकिन शिल्पा को मनोज मुंतशिर की एक बात से शिकायत है। इसका जिक्र उन्होंने द कपिल शर्मा शो में भी किया। एक प्रोमो में जहां शिल्पा शेट्टी, कपिल शर्मा की खिंचाई करती नजर आ रही हैं, वहीं दूसरे प्रोमो में वह मनोज मुंतशिर की शिकायत करती दिखीं। शिल्पा शेट्टी की शिकायत है कि मनोज मुंतशिर बहुत ही शुद्ध हिंदी बोलते हैं। इसके बाद वह मनोज से कहती हैं, हम लोग बैठकर चाय पीते रहते हैं और ये बैठकर हिंदी झाड़ते रहते हैं। शुद्ध हिंदी में बोलकर बताइए कि मुझे चाय अगर मांगनी हो तभी मिलेगी आपको चाय। इसके बाद जब मनोज मुंतशिर शुद्ध हिंदी में बोलते हैं तो कपिल शर्मा और बादशाह के होश ही उड़ जाते हैं।

## मेहंदी सेरेमनी में फरहान अख्तर ने लुटाया शिबानी दांडेकर पर प्यार




कंगना रनौत के आनेवाले रिऐलिटी शो लॉक अप बैडएस जेल अत्याचारी खेल ने अभी से धमाल मचा रखा है। इस शो के फॉर्मेट ने फैन्स का उत्साह काफ बढ़ाया है। टीवी क्वीन एकता कपूर 27 फरवरी से भारतीय दर्शकों के लिए इस दमदार रिऐलिटी शो को ऑल्ट बालाजी और एमएक्स प्लेयर पर स्ट्रीम करने के लिए तैयार हैं। धीरे–धीरे शो के दिग्गज कंटेस्टेंट्स का खुलासा हो रहा है और अब मेकर्स ने लॉक अप के चौथे सेलिब्रिटी कंटेस्टेंट को लेकर भी अनाउंस कर दिया है। यकीन यह चौथी सेलिब्रिटी धूल चटाने वाले अपने कारनामे को लेकर ही मशहूर हैं। बता दे कि इससे पहले टीवी ऐक्ट्रेस और मॉडल निशा रावल, इंटरनेट सेंसेशन पूनम पांडे, स्टैंड–अप कॉमेडियन मुनव्वर फारूकी के नाम शो के फाइनल कंटेस्टेंट्स के रूप में सामने आ चुके हैं। अब यह साफ हो गया है कि जेल के अंदर अपना कुश्ती वाला दम दिखाने के लिए कोई फिल्मी या टीवी सेलिब्रिटी नहीं बल्कि कुश्ती चैंपियन बबीता फोगाट आ रही हैं और वह होंगी इस मोस्ट अवेटेड शो की नई कैदी। बबीता फोगाट ने 2014 के कॉमनवेल्थ गेम्स में महिला कुश्ती में भारत का पहला जीतकर भारत को गौरवशाली महसूस करवाया था। उन्होंने 2018 कॉमनवेल्थ गेम्स, 2010 कॉमनवेल्थ गेम्स में सिल्वर मेडल और 2012 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में ब्रोंज मैडल जीता और बाद में 2019 में राजनीति में कदम रखा।

# वहां के हालात इस वक्त बहुत डरावने: प्रियंका

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

*रूस और यूक्रेन के बीच हालात और भी बिगड़ते जा रहे हैं। रूस ने राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के आदेश के बाद यूक्रेन पर धड़ाधड़ मिसाइलें बरसाकर हमला कर दिया। इसके बाद से वहां अफरा–तफरी का माहौल है। यूक्रेन के लोग अपनी जान बचाने के लिए इधर–उधर भाग रहे हैं। ऐक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा ने यूक्रेन के लोगों के लिए चिंता जताई है और कहा है कि वहां के हालात इस वक्त बहुत डरावने हैं।*



प्रियंका ने यूक्रेन पर हमले का एक वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया है, जिसे देख किसी का भी दिल दहल जाएगा और आंखें भर आएंगी। प्रियंका ने इसे अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर करने के साथ ही कुछ बातें भी लिखी हैं। वीडियो में लोग बदहवास हालत में हैरान–परेशान नजर आ रहे हैं। हर किसी को इस बात की चिंता सता रही है कि कल क्या होगा। क्या वो लोग बच पाएंगे?

प्रियंका ने यूक्रेन के लिए चिंता जाहिर करते हुए इंस्टाग्राम पर लिखा है, यूक्रेन में अभी जो स्थिति है वह बहुत डरावनी है। मासूम और निर्दोष लोग अपनी और अपने प्रियजनों की जिंदगी के लिए डर के साए में जी रहे हैं। वो भविष्य की अनिश्चितता को भांपने की कोशिश कर रहे हैं। यह समझना मुश्किल है कि आज की इस मॉडर्न दुनिया में इतनी भयावह और डरावनी स्थिति कैसे पैदा हो सकती है? इस वॉर जोन में जो मासूम लोग रह रहे हैं, वो आपकी और मेरी तरह हैं। यूक्रेन के लोगों की आगे कैसे मदद करें, इस बारे में सारी जानकारी मेरे बायो लिंक में है।

प्रियंका चोपड़ा के इस मेसेज पर लोगों के खूब रिऐक्शन्स और कॉमेंट आ रहे हैं। एक यूजर ने लिखा है, प्लीज हमें बचा लीजिए। इस मेसेज को भारतीय दूतावास तक पहुंचा दीजिए। एक अन्य यूजर ने लिखा है, दुनिया को आगे आने और इस पागलपन को रोकने की जरूरत है।

वहीं यूक्रेन में अब युद्ध शुरू हो चुका है। वहां कई हिस्सों पर कब्जा करने और बड़ी तबाही मचाने के बाद रूसी सेना ने अब यूक्रेन की राजधानी कीव की ओर बढ़ना शुरू कर दिया है। यूक्रेन



पर हमले के लिए सारे पश्चिमी देश रूस की आलोचना कर रहे हैं और उसे खिलाफ खड़े हो गए हैं। इसी बीच रूस और यूक्रेन के कई लोग सड़कों पर उतर आए हैं और हमले के खिलाफ विरोध कर रहे हैं। इसके कई वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। लोगों का कहना है कि वो युद्ध नहीं शांति चाहते हैं।

# –8 डिग्री टेम्प्रेचर में विद्युत जामवाल का स्टंट, बर्फ से जमी झील में कूदे

*विद्युत जामवाल ने इंस्टाग्राम पर इस वीडियो को शेयर किया है। बैकग्राउंड में ऊंचे–ऊंचे पेड़ और हर तरफ बर्फ की मोटी सी चादर दिखाई दे रही है। ऐक्टर पहले तो मोटे जैकेट पहने दिखाई दे रहे हैं, लेकिन एक–एक कर वो कपड़े उतारने लगते हैं। इस दौरान वो बताते हैं कि एक दिन पहले स्नोफॉल हुआ था, लेकिन वो आज वहां पर गए हैं।*





बॉलिवुड ऐक्टर विद्युज जामवाल अपनी फिल्मों से ज्यादा फिटनेस के लिए चर्चा में रहते हैं। वो सिर्फ ऐक्टर ही नहीं, मार्शल आर्टिस्ट, स्टंटमैन और ऐक्शन कोरियोग्रफर भी हैं। वो सोशल मीडिया पर अपने ऐसे वीडियो शेयर करते हैं, जिन्हें देखकर लोग दातों तले उंगली दबा लेते हैं। अब उन्होंने अपना एक और हैरान कर देने वाला वीडियो शेयर किया है, जिसमें वो –8 डिग्री टेम्प्रेचर में बर्फ से जमी झील में कूदते नजर आ रहे हैं। उनको ऐसा करते देख एक फैन ने कमेंट किया है, सर आपको ऐसा करते देख, मुझे यहां घर बैठे बैठे ठंड लग रही है!

41 साल के विद्युत बताते हैं कि इस वक्त वहां –8 डिग्री टेम्प्रेचर है। वो बात करते–करते बर्फ से जमी झील में कूद जाते हैं। उन्होंने ऐसा करके बताया है कि ये काम इतना भी मुश्किल नहीं है। वो बोलते हैं, मैंने खुद को विद्युत जामवाल की तरह ट्रेन किया है।

उन्होंने कैप्शन में लिखा है, अगर कोई (आपके अपने दिमाग सहित) आपको बताता है कि ये मुश्किल है!! विचार NoEÜperience से आता है.. ये सिंपल है.. करिए। अपनी खुद की बाधाओं को तोड़ो। इसे अपनी बकेट लिस्ट का हिस्सा बनाओ। किसी भी बीमारी/इंजरी से उबरना।

विद्युत का ये वीडियो देख फैंस के अलग–अलग रिएक्शन सामने आ रहे हैं। कोई उन्हें इतना खतरनाक काम करने के लिए सैल्यूट कर रहा है तो किसी ने फिक्र भी जताई है कि इतनी ज्यादा ठंड से मसल्स पर बुरा असर पड़ता है।

फिलहाल ये वीडियो इंटरनेट पर तेजी से वायरल हो रहा है। विद्युत कश्मीर के रहने वाले हैं। 25 से ज्यादा देशों में ट्रेवल करने वाले ऐक्टर ने लाइव ऐक्शन शो में परफॉर्म किया है। उन्होंने महज 3 साल की उम्र से Kalaripayattu की ट्रेनिंग लेनी शुरू कर दी थी।